हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 9 सितंबर 2025

06 विदा किए गए विघ्नहर्ता गजानन श्रद्धालुओं...



07 नौनपुरा घाटी में भूस्खलन से श्योपुर शिवपुरी...





## खबर संक्षेप

### भू-धारकों को मुआवजा का किया जा रहा है भुगतान

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर बण्डा सिंचाई परियोजना के प्रभावितों को उनके सभी अनुदान/मुआवजा राशि प्रदान करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में बण्डा सिंचाई परियोजना अंतर्गत बण्डा तहसील के ग्राम बहरोल के कुल 279 भू-धारकों के बैंक खातों में 20 करोड़, 64 लाख 19 हजार 488 रुपए की मुआवजा राशि हस्तांतरित की जा रही है।

### संभागीय समीक्षा बैठक आज

**सागर।** विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु संभाग आयुक्त अनिल सुचारी की अध्यक्षता में आगामी संभागीय समीक्षा बैठक दिनांक 09 सितंबर मंगलवार को आयोजित की जाएगी। यह बैठक पूर्व निर्धारित समयानुसार प्रातः 12 बजे एवं अपराह्न 4 बजे संपन्न होगी। आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, सभी संबंधित विभागों के संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व अपने विभाग से संबंधित जानकारी के साथ आयुक्त कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

### हिंदी दिवस पर व्याख्यान माला एवं सम्मान समारोह का आयोजन 14 को

**सागर।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर व्याख्यान माला एवं सम्मान समारोह की सतत श्रंखला का बारहवां आयोजन 14 सितंबर रविवार को दोपहर 02.30 बजे से शासकीय कन्या महाविद्यालय की सहभागिता में श्यामलम द्वारा किया जावेगा। कार्यक्रम में प्रतिवर्ष गैर हिंदी भाषी साहित्यकार को दिए जाने वाले हिंदी सेवी सम्मान से मराठी लेखिका व कवयित्री संध्या सर्वटे को एवं सुप्रसिद्ध कवि, साहित्यकार स्व.निर्मल चंद निर्मल की पुण्य स्मृति में स्थापित ₹निर्मल उत्कृष्ट रचनाकार अलंकरण₹ से शासकीय उत्कृष्टता स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा के प्राचार्य व हिंदी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर घनश्याम भारती को सम्मानित किया जावेगा। बहुभाषी कवयित्री व लेखिका सेवानिवृत्त प्राध्यापक हिंदी डॉ.चंचला दवे की अध्यक्षता में होने जा रहे इस आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ.अजय तिवारी, कुलाधिपति, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर होंगे। कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आनंद तिवारी सारस्वत वक्ता तथा जन भागीदारी अध्यक्ष मनीषा मिश्रा विशेष अतिथि होंगी। आट्र्स एवं कामर्स कालेज के प्राध्यापक डॉ. अमर जैन कार्यक्रम का संचालन करेंगे। आयोजक संस्थाओं के उमा कान्त मिश्र,हरी शुक्ला, संतोष पाठक, डॉ.नलिन जैन, अंबिका यादव व प्रो. अंजना चतुर्वदी तिवारी ने सभी प्रबुद्धजनों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### खाद्य पदार्थो में मिलावट व नशे से मुक्ति के लिए जांच दल गठित

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के आदेश पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं नशे से मुक्ति अभियान के तहत नशे के रूप में दुरुपयोग होने वाली औषधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले की समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों एवं मेडिकल स्टोर के निरीक्षण हेतु जांच दल का गठन किया गया है। जांच दल में समस्त अनुविभागीय राजस्व, समस्त तहसीलदार एवं औषधी निरीक्षक को शामिल किया गया है। उक्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले की समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कर एवं नशा से मुक्ति अभियान के तहत मेडिकल स्टोर की जांच कर कार्यालय के समक्ष कार्यवाही विवरण प्रस्तुत करेंगे ।

---

मंत्री राजपूत ने 50 लाख रुपए से निर्मित लव कुश भवन का लोकार्पण किया

# कठिन परिस्थितियों में भी हमें धर्म, कर्तव्य और सच्चाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिए : मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जैसीनगर में कुशवाहा समाज द्वारा भगवान लव कुश जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री राजपूत ने हिमांचल टौरी पर 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित भगवान लव कुश भवन का लोकार्पण किया। मंत्री राजपूत ने शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान लव कुश की मनमोहक झांकी का पूजन-अर्चन किया। इस भव्य शोभायात्रा में सुरखी विधानसभा क्षेत्र सहित सागर जिले भर से कुशवाहा समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। गाजे-बाजे, अखाड़ों और डीजे की धुनों के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में विभिन्न ग्रामों से कुशवाहा समाज के बन्धुओं ने पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कुशवाहा समाज के लोगों ने मंत्री श्री राजपूत का फलों से तुलादान कर स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सभी समाजजनों को भगवान लव कुश जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान लव कुश और भगवान श्री राम की महिमा से कोई अपरिचित नहीं है। प्रत्येक घर में रामचरितमानस का पाठ होता है, और भगवान राम, लव और कुश की मर्यादा, शौर्य और पराक्रम की गाथाएं सभी के मन में बसी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान लव और कुश ने वनवास के कठिन समय में भी धर्म, कर्तव्य और सच्चाई का पालन किया। उनकी वीरता का प्रमाण अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को रोकने की कथा से मिलता है। उन्होंने समाजजनों से कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी हमें अपने धर्म, कर्तव्य और सच्चाई का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित भगवान लव कुश भवन पहला मंगल भवन है, जो भगवान लव कुश के नाम पर समर्पित है। यह भवन कुशवाहा समाज सहित सर्व समाज के लिए उपयोगी होगा। इस भवन में मांगलिक, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि पिछले 28 वर्षों से कुशवाहा समाज द्वारा भगवान लव कुश जयंती के अवसर पर शोभायात्रा और भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रत्येक वर्ष और अधिक भव्य होता जा रहा है। उन्होंने समाजजनों से सामाजिक एकता और क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया।

मंत्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का श्रेय क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद को जाता है। उन्होंने कहा, मैं केवल माध्यम हूं, विकास कार्य भगवान और आप सभी की प्रेरणा से संभव हुए हैं। काम करने वाला मैं हूं और कराने वाले आप सभी । उन्होंने बताया कि राहतगढ़, सिहोरा, जैसीनगर, बिलहरा और सुरखी में पेयजल आपूर्ति के लिए 40 किलोमीटर दूर मडिया डेम से पानी लाया गया है। मंत्री राजपूत ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहां किसानों को प्रतिवर्ष 12,000 रुपए की किसान सम्मान निधि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, ताकि किसानों को खेती में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

कुशवाहा समाज के वरिष्ठजनों और प्रतिनिधियों ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के समाज और क्षेत्र के विकास में योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मंत्री राजपूत ने समाज के उत्थान के लिए जो कार्य किए हैं, वे अतुलनीय हैं। मंत्री राजपूत और कुशवाहा समाज के प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि भगवान लव कुश जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों को भविष्य में और अधिक भव्य बनाया जाएगा।

---



## तीनबत्ती से राधा तिराहा तक यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु कार्रवाई की गई

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम अतिक्रमण टीम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु शहर के मुख्य बाजार तीनबत्ती से राधा तिराहा, विजय टाकीज चौराहा तक यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहीं दुकानों को व्यवस्थित करने की कार्रवाई की गई। नगर निगम प्रशासन द्वारा तीनबत्ती से कटरा मस्जिद एवं विजय टाकीज चौराहा तक हाथठेला पर दुकान लगाने वालों को अनाउंसमेंट कर हिदायत भी दी जा रही है कि पीली लाईन के अंदर दुकानों को लगाएं तथा प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु बनाई गई व्यवस्था का पालन करें अन्यथा की स्थिति में सड़क पर हाथठेला, गुमटी पाए जाने पर उसे जप्त कर चालानी कार्रवाई की कार्रवाई की जाएगी ।जिसके लिए संबंधित दुकान लगाने वाले जिम्मेदार होंगे। इसके इसके साथ ही तीनबत्ती से कटरा मस्जिद तक सभी वाहन लाईन के भीतर खड़े न होने पर संबंधित वाहन मालिक के विरुद्ध भी कार्रवाई होगी। कार्रवाई के दौरान उपायुक्त डा.एस.एस. बघेल सहित नगर निगम की अतिक्रमण टीम के कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।




## नेशनल लोक अदालत सफल बनाने प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में आगामी नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को सफल बनाने और आम जनता में लोक अदालत में केसों के निपटारे में होने वाले फायदे अर्थात समय की बचत,पैसे की बचत, कोर्ट फीस की वापसी एवं समाज में आपसी वैमनस्यता को समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार के दिन व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा के न्यायाधीश अंबर श्रीवास्तव /अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिती गढाकोटा द्वारा तहसील परिसर गढाकोटा से हरी झंडी दिखाकर नगर पालिका परिषद गढाकोटा के प्रचार-प्रसार वाहनों को आम जनता को जागरूक करने व प्रचार प्रसार के लिये रवाना किया गया। इस अवसर पर तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जमील कुरैशी, सचिव डीपी लडिया, राजाराम कोरी, फारूख खान, बहराम खान अधिवक्तागण, मुंशीगण, न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

---




## चलो जलाएं दीप वहां, जहां अभी भी अंधेरा है मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी

**सागर।** स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय में सोमवार को विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर "उल्लास नवभारत साक्षरता" विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तद्पश्चात गणमान्य अतिथियों का भारतीय परम्परा के अनुसार स्वागत सत्कार किया गया। इसके उपरान्त विकास खण्ड समन्वय (साक्षरता), सागर की डॉ प्रतिभा तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना सीखना नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व, सोच और जीवन को दिशा देने वाली कुंजी है। यह अज्ञानता को दूर करती है और हमें सही-गलत का भेद करना सिखाती है। एक साक्षर समाज ही प्रगति की ओर बढ़ सकता है। भारत जैसे विकासशील देश में आज भी करोड़ों लोग अशिक्षित हैं। यह स्थिति केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति को रोकती है। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षा हर बच्चे और हर नागरिक तक पहुँचे। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में प्रशान्त तिवारी, जिला शिक्षा प्रौढ़ अधिकारी, सागर, ने कहा कि साक्षरता केवल व्यक्तिगत विकास का साधन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और राष्ट्रीय प्रगति की आधारशिला है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित और साक्षर होगा तभी हम गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक विषमताओं को दूर कर पाएँगे। जिला प्रशासन की ओर से हम सभी नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे साक्षरता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएँ, विशेषकर बालिका शिक्षा और वंचित वर्गों की शिक्षा पर ध्यान दें। हमारा लक्ष्य है कि हमारे जिले का कोई भी नागरिक अशिक्षित न रहे। शिक्षा ही सशक्तिकरण का वास्तविक मार्ग है और इसी से हमारा राष्ट्र आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेगा। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन, ने कहा कि जब समाज का हर व्यक्ति शिक्षित और साक्षर होगा तभी राष्ट्र प्रगति के शिखर पर पहुँच सकेगा। हमें यह सुनिश्चित करना है कि न कोई बच्चा विद्यालय से वंचित रहे और न ही कोई वयस्क शिक्षा से दूर रह जाए।

---

# कोई भी राष्ट्र तभी प्रगति करता है जब वह राष्ट्र आत्मनिर्भर हो: अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




भाजपा युवा नेता अविराज सिंह शासकीय पीएमश्री महाविद्यालय मकरोनिया और शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में युवा संवाद कार्यक्रम को संबबोधित किया। युवा नेता अवि राज सिंह ने कहा कि जैसा स्वामी विवेकानद जी ने बोला है, अपने राष्ट्र का भविष्य, अपने राष्ट्र के युवाओं के हाथ में है, कोई भी राष्ट्र तभी प्रगति करता है, जब उस राष्ट्र के युवा और नागरिक स्वयं पर विश्वास करते हैं। इसलिए यह समय आत्मनिर्भर भारत का समय है। और जैसा महात्मा गांधी जी ने बोला था, सभी पॉजिटिव चेंजेस की शुरुआत हम से होती है। तो हम उनके विजन को आगे बढ़ाएं। इसी विजन को ध्यान में रखते हुए 11 सितम्बर को स्वामी विवेकानंद जी के पार्लियामेंट ऑफ रिजन यानि विश्वधर्म संसद में दिये गए भाषण के 132 वर्ष पूरे हो रहे हैं और हम सभी जानते हैं उन्होंने एक ऐसा भाषण दिया था। अपने संदेश में भारत के बारे में बात की, भारतीय संस्कृति के बारे में बात की, हिंदुइजम के बारे में बात की और उन्होंने बहुत अच्छे से ईश्वर का व्याख्यान किया कि ईश्वर कैसे होते हैं, इसी के उपलक्ष्य में मोती नगर के महाकवि पद्माकर सभागार में एक युवा संवाद आयोजित किया गया है। जिसका विषय वैश्विक चुनौतियों का समाधान और भारतीय दृष्टि कोण। अविराज सिंह ने कहा कि पूज्य संत दादा गुरुजी के सानिध्य में ये कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पूज्य संत दादा गुरुजी चार वर्षों से निरंतर बिना भोजन के केवल जल और वायु पर रह रहे हैं। वे पूजनीय संत हैं। श्री अविराज सिंह ने कहा कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉक्गटर विनोद मिश्रा जी करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता यंग थिंकर्स फोरम इंडिया, जिसके निर्देशक आशुतोष जी है, वे अपने राष्ट्र के सबसे प्रखर और ज्ञानी वक्ताओं में से एक है, तो निश्चित ही, आप सभी इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। मैं ऐसी आशा करता हूं। उन्होंने कहा कि युवा संवाद कार्यक्रम के माध्यम से या फिर जब भी हम सभी युवा संवाद करते हैं, आपस में संवाद करते हैं तो उनसे हमारा एक नया विजन डेवललप होता है। हमें नये आइडियाज मिलते हैं, हम नये एक्स्पीरियंसेस को पहली बार सुनते हैं, नये अनुभवों को हम पहली बार सुनते हैं। आज जब हम सभी युवा संवाद कर रहे हैं तो इस संवाद के माध्यम से हम ये संकल्प कर रहे हैं कि 2047 तक हम भारत को एक डेपलप इकोनॉमी और एक डेवलप राष्ट्र बना के लिये सभी मिलकर प्रयास करेंगे। यह संकल्प हम सभी करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी मिलकर इसके लिए प्रयास करेंगे। और हम सभी यह भी जानते हैं कि हमारे जो भी सपने हैं, हम जो भी लक्ष्य निर्धारित करते हैं, आने वाले समय में वही भारत के सपने बनेंगे, भारत के गोल्स बनेंगे। क्योंकि हम इंडिया का प्रेजेंट भी है और फ्यूचर भी है।

---

## अधिकारियों व कर्मचारियों ने पितृपक्ष पर गरीबों को भोजन वितरण हेतु राशि दान की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासन के आदेशानुसार नगर निगम द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई के माध्यम से पितृपक्ष के अवसर पर गरीब परिवारों को भोजन वितरण कराने हेतु नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नई पहल प्रारंभ की है। नगर निगम नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत ने सोमवार को निगमायुक्त एवं सभी शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी स्वेछा से राशि एकत्र कर एन यू एल एम के सिटी मैनेजर विक्रम जैन को सौंपी। नगर निगम द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई के संबंध में जानकारी देते हुए विक्रम जैन ने बताया कि शासन आदेश अनुसार गरीब परिवारों को 5 रुपये में भरपेट भोजन रसोई केंद्रों एवं चलित वाहन से उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर निगम के अधिकारियों द्वारा 6 हजार रुपए की राशि एकत्रित कर दी गई है उस राशि से प्रतिदिन गरीबों को भोजन कराया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति पितृपक्ष पर अपने पूर्वजों की तिथि पर गरीबों को भोजन कराना चाहते हैं वे 5 के हिसाब से अपनी स्वेच्छा अनुसार राशि दान करने हेतु नगर निगम की एनयूएलएम शाखा में जमा कर सकते हैं।

---

पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

# खेल में जीतते हैं, सीखते हैं लेकिन हारते नहीं, खेलते रहिए और आगे बढ़ते रहिए : कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




खेल में जीतते हैं, सीखते हैं लेकिन हारते नहीं। खेलते रहिए और आगे बढ़ते रहिए। उक्त विचार कलेक्टर संदीप जी आर ने पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय ताईक्वाडों शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मृत्युंजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन सहित संभागों से आए खिलाड़ी, जोनल मैनेजर एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि खेल को पूरी खेल भावना एवं ईमानदारी के साथ खेल और आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि किसी भी खेल में कोई भी हारता नहीं है केवल कुछ कमी के कारण वह पीछे हो जाता है और सामने वाला आगे निकल जाता है। आप लगातार कोशिश करें और आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी हमेशा सफलता की ओर बढ़ता है और वह जिस क्षेत्र में भी आगे बढ़ता है सफल रहता है इसलिए खेल जरूरी है।

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग मृत्युंजय कुमार ने कहा कि पहले कहावत थी पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब और खेलोगे कूंदोगे तो होगे बर्बाद किन्तु अब यह कहावत बदल गई है। आप पढ़ोगे लिखोगे के साथ खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नवाब हो गई है। इसलिए पढ़ाई के साथ खेलना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों को दुनिया में मुझसे आगे कोई नहीं इसी भावना के साथ खेलना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने सभी को बधाई दी।

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने स्वागत भाषण में प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रतियोगिता दिनांक 08.09.2025 से 12.09.2025 तक चलेगी जिसमें खेल ताईक्वाडों बालक/बालिका 14,17 वर्ष के खेल खेले जाएंगे। डीईओ ने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागी संभाग भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, जनजातीय कार्य विभाग, नर्मदापुरम, रीवा, संभाग, सागर एवं उज्जैन संभाग के लगभग 375 से अधिक प्रतियोगी शामिल हुए।

कलेक्टर कलेक्टर संदीप जी आर ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की एवं सभी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर सहायक संचालक उषा जैन, अभय श्रीवास्तव, कल्पना शर्मा, संध्या गौतम, मनोज तिवारी, शैलेंद्र जैन श्रीमणि सिनेमा, अखिलेश मिश्रा, रविंद्र खटोल सहित अन्य अधिकारी एवं सभी संभागों से आज जनरल मैनेजर मौजूद थे।

---



## विधायक शैलेंद्र कुमार जैन वर्धमान कॉलोनी जैन मंदिर के कार्यक्रम में शामिल हुए

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने सूबेदार वार्ड स्थित वर्धमान कॉलोनी जैन मंदिर में पर्युषण पर्व उपरांत आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दर्शन किए और पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर प्रांगण में उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए उत्तम क्षमा मांगी और उत्तम क्षमा पर्व का महत्व बताया। विधायक जैन ने कहा कि "क्षमा ही धर्म का आभूषण है, और क्षमा का भाव समाज में सद्भावना एवं एकता को मजबूत करता है।" विधायक जैन ने मंदिर परिसर में संचालित बाल पाठशाला का अवलोकन कर इसे अत्यंत सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा "यह पाठशाला छोटे-छोटे बच्चों के मन में धार्मिक आस्था, संस्कृति और त्याग का भाव जागृत करने का माध्यम है। ऐसे प्रयास समाज की आने वाली पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करते हैं।" उन्होंने पाठशाला का संचालन कर रही बहनों का आभार व्यक्त किया और उन्हें सम्मानित किया। इस धार्मिक अवसर पर अशोक जैन, मनोज जैन, पवन जैन, मुकेश जैन सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### घुसयाना में हुआ कैडर कैम्प का आयोजन

**ललितपुर।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के एक दिवसीय कैडर कैम्प का आयोजन जिला महासचिव मुकेश रैकवार के घर के पास शिक्षण प्रशिक्षण किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश रैकवार हरपुरा ने की। मौके पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने निषाद पार्टी की सदस्यता ग्रहण ककर शपथ ली कि सभी तन मन धन से निषाद पार्टी के साथ रहकर काम करेंगे सभी चुनाव में लड़ाई लड़कर अपने पार्टी प्रत्याशी को जिताकर अपनी मछुआ समाज का हक हिस्सा मान सम्मान लेंगे, जिसमें सैकड़ों की संख्या में निषाद पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता महिलाएं व समाज बंधु उपस्थित रहे।



### अंताक्षरी प्रतियोगिता में अरिहंत टीम रही विजेता

**ललितपुर।** श्रीस्याद्वाद वर्धमान सेवा संघ के तत्वावधान में श्रीआदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भव्य अंताक्षरी एवं 1 मिनट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ जैन पंचायत से डा.अक्षय जैन, आकाश जैन, सनत जैन, सौरभ जैन, मोदी पंकज जैन, अशोक जैन, राजेंद्र, पूर्व पार्षद अनुराग जैन शैलू, संजीव जैन ममता स्पोर्ट्स, राकेश जैन ने आचार्यश्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया। इसके बाद अरिहंत ग्रुप, सिद्ध ग्रुप, आचार्य ग्रुप, उपाध्याय ग्रुप, साधु ग्रुप द्वारा भव्य अंताक्षरी प्रतियोगिता विभिन्न चक्र में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में दिलीप, वैभव जैन, अभिषेक खजुरिया रहे। इस प्रतियोगिता में अरिहंत ग्रुप की योषिता जैन, गौरी जैन, आरोही जैन, अंशिका जैन प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर आचार्य ग्रुप की प्रज्ञा जैन, सोनल जैन, रूही अप्सरा, निकिता जैन रही। तृतीय स्थान पर सिद्ध ग्रुप की टीम रही। इसमें नीतू जैन, रश्मि जैन, गरिमा जैन, अमोल जैन, रहीम। वहीं एक मिनट प्रतियोगिता में पार्षद आलोक मयूर ने दीप प्रज्जवलन किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान सत्येंद्र गदयाना ने कहा कि संस्था सन 1983 से देव शास्त्र गुरु व समाज सेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रही है। मौके पर कैप्टन राजकुमार जैन, महेंद्र सिंघई, पारस, संजय, अंशुल जैन, अंकित, हर्ष जैन, पीयूष जैन, नितेंद्र पिंकू, अनुज जैन, दीपक जैन, विकास जैन, शशांक, दीपक, आलोक, नीलेश, यशदीप जैन, अनिकेत जैन, कुन्नू आर्यन, नमन का विशेष योगदान रहा। संचालन हर्ष जैन व पीयूष जैन ने किया।

### समिति जनपद में करेगी आज भी भ्रमण

**ललितपुर।** एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि उ.प्र.के विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण की दिशा में विकसित उत्तर प्रदेश-समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के संबंध में प्रबुद्धजनों की गठित समिति 9 सितंबर को जनपद का दो दिवसीय भ्रमण करेगी, जिसके लिए मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी किया गया है और जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्व दिए गए हैं। कार्यक्रम के अनुसार समिति नोडल अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करेगी, शिक्षा सत्र व शिक्षा संवाद, कृषि तकनीकी, पशुधन संरक्षण समीक्षा, ग्रामीण विकास आकलन, स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण, पर्यटन स्थलों का निरीक्षण, विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ बैठक, व्यवसाय तथा उद्यमियों के साथ विचार विमर्श, महिला समूह एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ विचार विमर्श, मीडिया कर्मियों एवं विभिन्न विधाओं में ख्याति प्राप्त बुद्धिजीवियों के साथ संवाद करेगी। जनमानस से सुझाव आमंत्रित करने के लिए क्यू.आर. कोड भी जारी किया गया है। इस कोड को स्कैन करके समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के संबंध में अपने अमूल्य सुझाव देकर सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं।

---

भक्ति भाव से गणपति महोत्सव पूर्ण हुआ, अगले बरस तू जल्दी आ की कामना की

# विदा किए गए विघ्नहर्ता गजानन श्रद्धालुओं के नेत्रों से बही अश्रु धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भक्ति भाव से गणपति महोत्सव पूर्ण हुआ और उसके बाद अगले बरस तू जल्दी आ की कामना के साथ गणपति विसर्जन भी धूमधाम से किया गया। यह गणपति महोत्सव गणेश चौथ से लेकर अनंत चतुर्दशी तक चला। गणपतिजी की शोभायात्रा तुवन मंदिर चौराहा, घंटाघर, शनिचरा चौराहा, आजाद चौक से होते हुए शहजाद नदी से होते हुए पुराना सागर रोड पर शोभायात्रा का भक्तों ने भव्य स्वागत किया। ततपश्चात गोविन्द सागर बांध में विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की मनमोहक झांकियां थीं, ढोल नगाड़ों की थाप पर सुन्दर नृत्य करते भक्तों ने रंग गुलाल की जम कर होली खेलते शोभायात्रा निकलते विसर्जन के लिये पहुँचे। विसर्जन स्थल पर हजारों भक्त मौजूद रहे।

वहां पर भगवान श्री गणेश की विधिवत तरीके से पूजा अर्चना आरती की गई और उसके बाद उन्हें कुंड में विसर्जित कर दिया गया। विसर्जन के समय लोगों की जुबान पर एक ही शब्द था कि हे भगवान गणेश अगले बरस तू जल्दी आ। एक दिन पूर्व से ही श्रद्धालु गणेश पंडालों व घरों में हवन पूजन में लगे हुये थे। उसके बाद गणेश की मूर्ति को लेकर गोविंद सागर बांध की तलहटी में पहुंचे जहां पर जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा गणेश विसर्जन के लिए एक अलग कुंड बनाया गया था। जिसमें गणपति विसर्जन किया गया। गणपति विसर्जन के मौके पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाई गई हैं सुरक्षा की दृष्टि से शहर और बांध पर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया। जिससे कोई अप्रिय घटना न कर सके। पुलिस बल के साथ महिला पुलिस बल भी लगाया गया है।





***गणेश विसर्जन के दौरान भक्तिमय माहौल रहा***

*कस्बा बार में गणेश विसर्जन के दौरान भक्तिमय माहौल रहा। कस्बे में मुख्य रूप से तीन स्थानों पर गणेश पंडाल सजाए गए थे। इसके अलावा कई लोगों ने अपने घरों में भी गणेश प्रतिमाएं स्थापित की थीं। विसर्जन के दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों पर रंग-गुलाल उड़ाते हुए चले। बक्ष सागर में भक्तों ने भावुक होकर बप्पा को विदाई दी। थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया ने बताया क्री सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कस्बे सहित आसपास के गांवों में नदी और तालाब के किनारों पर पुलिस बल तैनात किया गया है।*

***विसर्जन पर जुलूस निकाला गया***

*कस्बा मड़ावरा सहित क्षेत्र में धर्म की बहार वाही। प्रथम पूज्य भगवान श्री गणपति महराज की सुंदर झांकियां का दरबार शाला जी मंदिर मड़ावरा मोती महराज रनगांव सादूमल समेत घरों में विराजमान रहे। दस दिनों से कस्बा समेत क्षेत्र में पंडालों में विराजमान प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश महोत्सव जी के कार्यक्रम की धूम रही।पंडालों में विराजमान भगवान के जयघोषों से क्षेत्र धर्ममय हो गया। शनिवार को कस्बा मड़ावरा समेत क्षेत्र में विधिनपूर्वक पूजा अर्चना के बाद कस्बा में भक्त महिला पुरुषों द्वारा डीजे की धुनों पर प्रथम पूज्य की सुंदर सजी झांकियों के भक्ति में लीन जयकारों के उदघोष के विसर्जन पर जुलूस निकाला गया। डीजे की धुनों पर भक्त जयकारों के घोष के साथ थिरकते नजर आये।कस्बा में भगवान की शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। जयकारों के साथ कस्बा से होते हुये रोहणी बांध में भगवान को नम आँखों से विदाई दी गई।और अगले वर्ष तू जल्दी आने का उदघोष के महाआरती कर विसर्जन किया गया।वही उपजिलाधिकारी शैलेंद्र चौधरी सीओ केके मिश्र के निर्देशन में कोतवाल प्रभारी अशोक कुमार वर्मा ने पुलिस फोर्स कस्बे के साथ साथ विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये।*

---

जनपद को मिले 10 अनुदेशक

## नियुक्ति पत्र पाकर नव नियुक्त अनुदेशकों के खिल गए चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में विभिन्न व्यवसाय के लिए नवचयनित प्रदेश के 1,510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मा० मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में किया, जिसके क्रम में जनपद के 10 नवनियुक्त अनुदेशकों को राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र मनोहर लाल पंथ, मा. सादर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन की गरिमामय उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्त अनुदेशकों के चेहरे खिल उठे और सभी ने अपने भाव प्रकट करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के लिए मा. मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में लोक भवन लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। कलेक्ट्रेट में सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि निष्पक्ष एवं भर्ती प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है, किसी भी युवा के साथ नौकरी के नाम पर अन्याय नहीं होगा। नोडल प्रिंसिपल आई टी आई ने कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न व्यवसाय के लिए 1,510 अनुदेशकों का चयन हुआ है, जिनमें जनपद को 10 अनुदेशक मिले हैं, जिनमें 4 आई टी आई तालबेहट, 4 आई टी आई महरौनी और 2 आई टी आई ललितपुर में नियुक्त किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व नवनियुक्त अनुदेशकों उपस्थित रहे।

---

दशलक्षण पर्व, क्षमा सक्रिय प्रेम होने के कारण मानवता का आभूषण

## दैनिक जीवन में भूलचूक का वैज्ञानिक अनुशीलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दशलक्षण पर्व के समापन पर क्षमावाणी पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि स्वर्णकार सोने की जांच करने के लिए ऐसिड टेस्ट का प्रयोग करते हैं कि सोना असली है या नकली । क्षमा के लिए भी एक ऐसिड टेस्ट है ।

यदि कोई हमें यह सूचना दे कि अमुक व्यक्ति हमें चूना लगाने जा रहा है या छल करने जा रहा है तो हम सुनकर उसके प्रति कुढ़ जाते है तो यह जान लेना चाहिए कि नफ़रत की जड़ें हमारे अवचेतन मन में हैं । यदि हमने उसको तत्काल क्षमा कर दिया था तो काफी समय बीत जाने पर हमारे मन में उसका आघात या डंक महसूस नहीं होना चाहिए था ।

यही ऐसिड टेस्ट है । ईश्वर या जीवन व्यक्तियों में भेद नहीं करता है । वह सद्भाव ,सेहत , खुशी और शान्ति के सिद्धान्तों का हमसे पालन करवाना चाहता है ।ईश्वर या जीवन हमें सजा नहीं देता है या हमारी कभी निन्दा नहीं करता है । कोई भी चीज अच्छी या बुरी नहीं है , इंसान की सोच उसे ऐसा बना देती है । किसी ने यदि हमारे बारे में झूठ बोला है , बहुत बुराई की है जिसके कारण हमारे विचार उसके प्रति नकारात्मक हैं तो ऐसे निन्दक को संत कबीर की तरह हमें अपने घर के आँगन में उसे रखने के लिए एक कुटी अपना पैसा खर्च करके बनवा देना चाहिए ताकि अपने स्वभाव को निर्मल बनाने के लिए हमारा पानी और साबुन का खर्च बच जाये। अवचेतन मन के महान विद्वानों का कहना है कि हमारे शरीर के भीतर एक बैंक निगेटिव है और दूसरा पॉजीटिव । यदि खर्च करते करते नकारात्मक बैंक का बेलेन्स शून्य हो जाये और सकारात्मक बैंक लबालब भर जाये तो मनुष्य से कभी भूलचूक होगी ही नहीं क्योंकि विकासोन्मुख मनुष्य से बढ़कर धरती पर और कोई नहीं ।

---

बुंदेलखंड विकास सेना का आरोप

## शराब की आपूर्ति सुनिश्चित, खाद की आपूर्ति अनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में बुंदेलखंड विकास सेना के कार्यकर्ताओं ने खाद की किल्लत और कालाबाजारी के विरोध में कंपनी बाग में मानव श्रंखला बना कर विरोध जताया। इस मौके पर ललितपुर समेत पूरे प्रदेश में खाद की कमी और अन्नदाता किसानों में मचे हाहाकार को लेकर गहरी चिंता और रोष व्यक्त किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि पूरे प्रदेश में शराब की आपूर्ति तो पूरी तरह सुनिश्चित चल रही है परन्तु अन्नदाता किसानों की खाद की आपूर्ति पूरी तरह से अनिश्चित चल रही है। अन्नदाता किसानों में खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।किसानों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल रही है। जमाखोर जमकर कालाबाजारी कर रहे हैं तथा जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंखें मूंदे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा ललितपुर उ. प्र. का सबसे पिछड़ा और संसाधन विहीन जिला है। यहाँ की आजीविका का मुख्य साधन कृषि और कृषि पर आधारित व्यवसाय है। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि पिछले दो माह से हो रही अनवरत मूसलाधार बारिश के कारण लगभग 75 फीसदी किसानों ने खरीफ की बुआई नहीं कर पायी तथा जिन 25 फीसदी किसानों के किसी तरह बुआई कर भी ली तो उनकी फसल अनवरत हो रही मूसलाधार बारिश से पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों को उम्मीद की किरण अब आने वाली रबी की फसल पर नजर आ रही है इसलिए वो अभी से खाद बीज के इंतजाम में लग गये हैं। परन्तु खाद के नाम पर अन्नदाता किसानों को निराशा मिल रही है। सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय संज्ञान में लेकर खाद की आपूर्ति शीघ्र ही सुनिश्चित करायें अन्यथा की स्थिति में बु. वि. सेना उग्र आंदोलन छेड़ने को विवश हो जायेगी इस मौके पर बुन्देलखण्ड विकास सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया, महेन्द्र अग्निहोत्री, जिला कमांडेन्ट सुधेश नायक, कदीर खां, हनुमत हलवाई ,नंदराम सोनी , पवन शर्मा , अमरसिंह बुन्देला , पुष्पेन्द्र सिंह , लालचंद रजक, श्रीराम मौजूद रहे।

---

## वलिनी मिल्क एरिया मैनेजर ने दूध कंपनी के कर्मचारी पर लगाया करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र में विवेक कुमार सिंह नामक एरिया मैनेजर ने बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड झांसी में कार्यरत अपने कर्मचारी ललित कुमार चौधरी के खिलाफ चोरी और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगाए हैं। विवेक कुमार सिंह ने थाना कोतवाली ललितपुर में एफआईआर 6 सितंबर को दर्ज कराई, जिसमें करोड़ों के पशु आहार, घी और अन्य महत्वपूर्ण कंपनी सामान की गबन की बात कही गई है। आरोप है कि ललित कुमार चौधरी कंपनी में एरिया ऑफिसर रहते हुए वर्ष 2022 से लगातार कंपनी की संपत्ति—पशु आहार, नकद भुगतान, घी, कंसीयम आदि का अवैध तरीके से गबन कर रहा था। कंपनी के नियमों और भरोसे का उल्लंघन करते हुए आरोपी ने इन सामानों की बिक्री का भुगतान कंपनी खाते में जमा नहीं किया। आरोपी ने जांच के दौरान 1 अगस्त 2025 को लिखित स्वीकारोक्ति पत्र भी दिया, जिसमें जानबूझकर योजना बनाकर कई महीनों तक अनियमितताएं करने की बात स्वीकार की गई। कंपनी को इस गबन की वजह से अनुमानित 6-8 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। विवेक कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है, जिनमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(4) के तहत जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक विश्वदीप सिंह को सौंपी गई है। शिकायतकर्ता को रिपोर्ट की कॉपी उपलब्ध कराई गई।

---

## ललितपुर जिले को किया जाए आपदा घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

किसान कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य व किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगभान सिंह बुंदेला के नेतृत्व में जिले में भारी बारिश के कारण खरीफ की सभी फसलों के नुकसान की भरपाई एवं पर्याप्त डीएपी खाद उपलब्ध कराये जाने को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेसियो द्वारा मुख्यमंत्री से मांग की गई कि ललितपुर में भारी बारिश और जलभराव से किसानों की खरीफ की उर्द, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसलें पूरी तरह चौपट हो चुकी है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। अब किसानों को रवि की फसल की जुताई व बुवाई के लिए कोई उपाय नहीं है। साथ ही किसानों को डीएपी खाद भी नहीं मिल पा रहा है, जिससे किसान यहां वहां भटकने को मजबूर हैं। किसानों की फसलें लगातार कई वर्षों से कभी सूखा कभी अधिक बारिश, अतिवृष्टि कभी ओलावृष्टि से लगतार फसलें चौपट होती आ रही हैं। पिछले कई वर्षों से किसानों को ना तो अपनी रबी की फसल का ना तो मुआवजा मिला और नाही बीमा मिला। बीमा कंपनियां किसानों का प्रीमियम तो काट लेती हैं, लेकिन कभी भी किसानों को बीमा का लाभ नहीं मिला और ना ही कोई मुआवजा दिया गया। कांग्रेसियो ने मुख्यमंत्री से सम्पूर्ण ललितपुर जिले को आपदा घोषित करने और किसानों की नष्ट फसलों का उचित मुआवजा व बीमा दिलाए जाने एवं पर्याप्त मात्रा में उचित रेट पर डीएपी खाद उपलब्ध कराये जाने की मांग की जिससे किसानों का भरण पोषण सुचारू रूप से हो सके।

---


ग्रामीणों में दहशत फैली

## तेंदुआ के हमले से चारवाहा ने गोवंश को बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मदनपुर वन बीट में शनिवार को तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्राम भौंती निवासी चरवाहा इमरत सिंह मवेशी चरा रहे थे। इस दौरान झाड़ियों से अचानक एक तेंदुआ निकल आया और पीछे से एक बछड़े का गला दबोच लिया। तेंदुआ बछड़े को घसीटकर ले जाने की कोशिश करने लगा। बछड़े की चीख-पुकार सुनकर चरवाहा इमरत सिंह ने हिम्मत दिखाई।

उन्होंने पहले कुल्हाड़ी से तेंदुए को डराने की कोशिश की, लेकिन जब वह नहीं भागा तो पत्थरों से हमला किया। इस पर तेंदुआ बछड़े को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। शोर सुनकर अन्य चरवाहे भी मौके पर पहुंच गए। सभी ने घायल बछड़े को गांव पहुंचाकर पशु चिकित्सक से इलाज कराया। बछड़े के गले पर



तेंदुए के दांतों से गहरे घाव पाए गए।

गौरतलब है कि इसी जंगल में जून माह में भी एक घायल तेंदुआ मिला था, जिसे वन विभाग की टीम ने 15 घंटे चले रेस्क्यू अभियान के बाद पकड़ा था और इलाज के लिए लॉयन सफारी इटावा भेजा गया था। वन क्षेत्राधिकारी मड़ावरा अशोक कुमार यादव ने बताया कि मड़ावरा और आसपास के जंगलों में तेंदुए, बाघ और भालू जैसे खतरनाक जंगली जानवर मौजूद हैं। कुछ महीने पहले धौरीसागर के जंगल में लगाए गए ट्रैप कैमरों में ये जानवर कैद भी हुए थे।

---

सेवा पखवाड़ा अभियान में भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यशाला आयोजित

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ललितपुर -भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत आज जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा अभियान जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य बक्ता के रुप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन महिला मोर्चा की जिला महामंत्री कार्यक्रम सहसंयोजक रुचिका बुन्देला ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि प्रदेश कार्यशाला के बाद आज जिले में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला आयोजित की गई है।इसी तरह आगे यह मण्डल स्तर पर आयोजित कीं जायेंगी ।इस के अन्तर्गत दिनांक सत्रह सितम्बर से दो अक्तूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विभिन्न कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम का संयोजक एवं जिला संयोजक मनोनीत किया गया हैं। उन्तीस अगस्त से सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मंडल कार्यशालाओं में मुख्य वक्ता के रुप में जिले के बरिष्ठ पदाधिकारियों के अलावा वरिष्ठ नेता जायेंगे।इसके अलावा मण्डल स्तर पर एक संयोजक दो सहसंयोजक मनोनीत किए



गए हैं। इसमें सेवा सम्बंधित कार्य जैसे रक्तदान, स्वच्छता कार्य,एक पेड़ मां के नाम आदि प्रमुख रूप से किये जायेंगे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि रामकिशोर साहू ने इस कार्यक्रम के वारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब के मन में अक्सर यह सवाल उठता है कि हम राजनैतिक दल होकर विभिन्न सामाजिक सेवा का कार्य क्यो करते हैं इसके उत्तर में हमें उन विकसित राज्यों की ओर देखना होगा जिनके राजनीतिक दलों ने विभिन्न सेवाओं के माध्यम से अपने कार्यकर्ताओं से समाज से जुड़ कर राष्ट्रीय भाव पैदा करने का काम किया और जब हर व्यक्ति राष्ट्रवाद को अंगीकृत करेगा तो देश की सेवा उसकी प्राथमिकता भाव में होगा और देश आगे बढ़ने का काम करेगा । उन्होंने कहा कि हर विकसित राष्ट्र ने आगे बढ़ने से पहले स्वच्छता,समानता,महिला सशक्तीकरण, सर्वशिक्षा अभियान का काम किया और आज जाकर वे विकसित राष्ट्र वने ।हमारी यात्रा दो हजार चौदह से जो मा मोदी जी के नेतृत्व इसी ध्येय को लेकर आगे बढ़ रही है उससे हम विश्व के ताकतवर देशों की श्रेणी में आते जा रहे हैं।आज हम इस यात्रा में विश्व की चौथी अर्थ व्यवस्था के पायेदान पर खड़े हैं आज समाज का सोच भी हम लोगों के प्रति काफी आशान्वित हुई है । उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि सबसे पहले उन कार्यकर्ताओं को सम्पर्क कर महत्वता दो जिनकी वजह से आप यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता की परिवार भाव से चिंता करें। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जीवन मूल्यों को प्रदर्शन करने के लिए इस आयोजन को सर्वस्पर्शी बनाने का रुप दिया गया है जिसके माध्यम से हम समाज के हर वर्ग से पन्द्रह दिनों तक नित नये कार्यक्रम के माध्यम से सेवा पखवाड़ा में समाज सेवा का कार्य करेंगे। समाज की अन्तिम सीढ़ी तक खड़े व्यक्ति के हृदय में जगा राष्ट्र भाव ही हमें ताकतवर राष्ट्र के रूप में खड़ा करेगा । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, कार्यक्रम के जिला संयोजक महेश श्रीवास्तव भैया,जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन,बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे,पूर्व अध्यक्ष गण हरीराम निरंजन मौजूद रहे।

## खेतों में बहार आते ही शहर में बढ़ जाती है निराश्रित गोवंश की संख्या

# दिखावा ही साबित हुई गोवंश को जंगल में छोड़ने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

पिछले दिनों शांति समिति की बैठक में आवारा मवेशियों को शहर से बाहर निकाले जाने को लेकर हुए विवाद के बाद कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश की पालना में नगर पालिका परिषद ने शहर से आवारा मवेशियों (निराश्रित गोवंश) को हांक कर जंगल में छोड़े जाने के फोटो वीडियो वायरल किए थे तब ऐसा लगा था कि शायद शहर वासियों को निराश्रित गोवंश से छुटकारा मिल जाएगा लेकिन जिन निराश्रित गोवंश को नगर पालिका जंगल में छोड़े जाने का दावा कर रही है वह तो उसी जगह खड़े और पसरे दिखाई पड़ रहे हैं जहां पहले दिखाई पड़ते थे तो क्या नगर पालिका का निराश्रित गोवंश को जंगल में छोड़ने को लेकर किए गए दावे महज दिखावा ही थे?

दरअसल डोल ग्यारस, ईद मिलादुन्नबी, दशहरा जैसे त्योहारों को लेकर पिछले दिनों आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में सीएमओ आरआर यादव और वरिष्ठ भाजपा नेता एवं श्री गोपाल गौशाला समिति के अध्यक्ष कैलाश नारायण गुप्ता के बीच हॉट टॉक हो गई थी। इस मामले में पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह चौहान ने भी अफसरों को आड़े हाथों लेते हुए निराश्रित गोवंश की संख्या सड़कों पर कम करने की मांग की थी। उन्होंने तो यहां तक कह दिया था कि जिन लोगों के यह पशु हैं उनके खिलाफ़ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इसके बाद कलेक्टर ने निराश्रित गोवंश को सड़क से हटाने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के दूसरे दिन ही नगर पालिका ने फोटो और वीडियो भी जारी किए जिसमें नगर पालिका कर्मचारी गोवंश को जंगल में छोड़ने ले जाते दिखाई पड़े इस दल में सीएमओ भी अपने वाहन के साथ दिखाई पड़े। दावा किया गया कि ढाई सैकड़ा गोवंश को बावंदा से आगे जंगल में छोड़ा गया है जहां भरपूर हरा चारा और पानी पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। नपा ने दावा किया था कि वह ढाई सैकड़ा से अधिक गोवंश को जंगल में छोड़कर आई है और यह क्रम लगातार जारी रहेगा। हालांकि उक्त फोटो वीडियो को कई लोगों ने ग्रामीणों द्वारा गांव से लाकर जंगल में छोड़ने ले जाते समय का बताया पर इसकी पुष्टि नहीं हुई लेकिन नपा ने इसके बाद कोई फोटो वीडियो नहीं डाले और बाजारों में गोवंश के झुण्ड वैसे ही मिले जैसे पहले मिलते थे।



### एक क्लिक से मिल सकती है मालिक की जानकारी

जो गोवंश निराश्रित है और उनके कानों में अपार आईडी कार्ड डले हुए हैं उनके मालिकों की पहचान एक क्लिक से ही हो सकती है। दरअसल कानों में लटके कार्ड को मोबाइल से स्कैन करने पर उसके मालिक का नाम और गांव का पता सहित सभी डिटेल निकल आती है अगर प्रशासन इस ओर ध्यान दे तो ऐसे फर्जी गोपालकों पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए बहुत हद तक गौवंश को निराश्रित होने से बचाया जा सकता है। ज्ञात हो कि पशुपालन विभाग ने जिले में करीब 3 लाख गोवंश के यूआईडी कार्ड बनाकर उनके कान में चिप के माध्यम से टैग किए हैं।

### निराश्रित सांड ले चुके हैं कइयों की जान

शहर में निराश्रित को गोवंश के झुंडों से लोग परेशान है इसके साथ ही निराश्रित सांड बाजारों में साक्षात मौत बनकर घूम रहे हैं। आए दिन किसी न किसी महिला पुरुष को सींगों से उछाल कर सड़क पर फेंक देने घायल कर देने की घटनाएं आम हो चुकी है। इन निराश्रित सांडो के द्वारा लोगों को सींगों से उछालने से कई की मौत भी हो चुकी है इन सांडो को पकड़ने और उन्हें लोगों से दूर करने के लिए फिलहाल कोई गौशाला ऐसी दिखाई नहीं पड़ती जहां इन्हें छोड़ा जा सके। अलबत्ता गांव देहात से आए किसान जरूर इन निराश्रित गो वंश के झुंडों को किसान डंडों से हांक कर जंगल में ले जाते जरूर दिखाई पड़ते हैं।

### कई जगह दिखावा बनी पंचायत स्तर पर खोली गौशालाएं

वैसे तो श्योपुर जिले में तीन दर्जन से ज्यादा गौशालाएं शासन की ओर से ग्राम पंचायत स्तर पर स्वीकृत की गई है। लेकिन इनमें से अभी सिर्फ 14 सरकारी गौशालाएं ही ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित बताई जा रही है। जिनमें से प्रेमसर में बनी गौशाला में एक भी गौवंश नहीं है। इसके अलावा सात अशासकीय गौशालाए भी श्योपुर जिले में संचालित बनी हुई है। इनमें श्री गोपाल गौशाला श्योपुर, आशाराम गौशाला ढेंगदा और रानीपुरा, हांसिलपुर ढोढर, गसवानी, घमलोकी और श्यामपुर में अशासकीय गौशालाएं संचालित हो रही है। ऐसे में सवाल खडा हो रहा है कि 14 सरकारी और 7 अशासकीय गौशाला संचालित होने के बाद भी काफी संख्या में गौवंश सडको पर क्यों घूम रहा है।

### मरने का इंतजार कर रहे मालिक

जिन गौ वंश के यूआईडी कार्ड बनाए गए हैं और इसके बावजूद वह निराश्रित होकर इधर-उधर कचरा खाकर पेट भर रही है उनमें से कईयों के मालिक तो ऐसे हैं जो इन गौवंश को एक रोटी तक देने के बजाय उनके मरने का इंतजार इसलिए कर रहे हैं कि वह उनके मरने के बाद उन पर अपना मलिकाना हक जताकर शासन द्वारा दी दिया जाने वाला मुआवजा हासिल कर सके।

### इनका कहना

विगत दिनों से सीएमओ की निगरानी में ढाई सैकड़ा से अधिक गोवंश को बावंदा से दूर जंगल में छोड़कर आए थे गांव से और गोवंश आ गए हैं एक-दो दिन में फिर अभियान चलाकर इन्हें जंगल में छोड़े जाने की कार्रवाई की जाएगी।

**सत्यभानू जाटव**
**हेल्थ ऑफिसर नपा श्योपुर**

## टली बड़ी घटना, पुलिस ने जेसीबी बुलाकर हटवाया मलवा, शुरू करवाया आवागमन

# नौनपुरा घाटी में भूस्खलन से श्योपुर शिवपुरी हाइवे चार घंटे ठप, फंसे रहे कई वाहन, लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नौनपुरा घाटी में सोमवार की अल सुबह पेड़,पत्थर और मलवा गिरने से श्योपुर शिवपुरी हाइवे करीब चार घंटे तक बंद रहा। यहां दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही। इस घटना की सूचना मिलने कराहल और सेसईपुरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद कराहल थाना पुलिस ने जेसीबी बुलाकर हाइवे पर गिरे पत्थर और मलवे को एक तरफ हटवाकर हाइवे पर आवागमन शुरू करवाया। सुबह करीब 10 बजे घाटी से होकर आवागमन शुरू होने पर यात्रियों व वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।

कराहल थाना क्षेत्र स्थित नौनपुरा घाटी में सोमवार की अल सुबह करीब 6 बजे के आसपास अचानक एक बडा पेड टूटकर हाइवे पर गिर पडा। जिसे कुछ वाहन सवार लोगों ने जैसे तैसे हटाकर अपने वाहन निकाले। लेकिन इसके थोडी देर बाद ही अचानक घाटी के ऊपर से पत्थर और मलवा हाइवे पर आ गिरा। इसकी वजह लगातार बारिश का होना बताया जा रहा है। गनीमत यह रही कि जिस समय भूस्खलन की यह घटना हुई,उस समय यहां होकर कोई वाहन नहीं गुजरा,अन्यथा अचानक गिरे मलवे के नीचे वाहनों के दबने और वाहनों में सवार लोगों के साथ कोई अनहोनी घटना घटित होना तय थी। हालांकि ईश्वरीय कृपा के चलते ऐसा कुछ नहीं हुआ,मगर मलवे के कारण हाइवे पूरी जाम हो गया। यहां घाटी में हाइवे पर वाहनों की लंबी कतारे दोनों तरफ लग गई। जिसकी सूचना मिलने पर कराहल थाना प्रभारी यासमीन खान तत्काल पुलिस टीम और जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची। जबकि दूसरी तरफ से सेसईपुरा थाना प्रभारी जेपीएस जादौन अपने थाने की पुलिस टीम लेकर यहां पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने करीब तीन घंटे की मशक्कत करते हुए जेसीबी के जरिए हाइवे पर पडे मलवे,पत्थर आदि को हटवाना शुरू किया। इस दौरान लोग यह देखकर हैरान रह गए कि उनके सामने मिट्टी का मलवा धीरे धीरे नीचे खिसता जा रहा है। पुलिस ने हाइवे से मलवे को हटवाते हुए, यहां से वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू करवाई। सुबह करीब 10 बजे के बाद जब हाइवे पर वाहनों की आजावाही शुरू हुई,तब कहीं जाकर काफी देर से जाम में फंसे वाहनों में सवार लोगों ने राहत की सांस ली।



### मैडम! मेरा एग्जाम है,मुझे किसी भी तरह निकालो

नौनपुरा घाटी में लगे इस जाम में श्योपुर से बीएड का एग्जाम देने के लिए अपने परिजन के साथ जा रही एक महिला की कार भी फंस गई। हालांकि पुलिस जेसीबी के जरिए हाइवे पर पडे मलवे को हटाने का काम कर रही थी,लेकिन इस जाम में फंसे वाहनों की लंबी कतार देखकर यह महिला परेशानी में पड गई और उसने वहां मौजूद कराहल टीआई यासमीन खान के पास जाकर कहा कि मैडम आज मेरा ग्वालियर में बीएड का एग्जाम है। मुझे आप जल्द से किसी तरह पहले निकालो। नहीं तो मेरा एग्जाम छूट जाएगा। इस पर टीआई यासमीन खान ने एग्जाम की गंभीरता को समझते हुए जाम में फंसे वाहनों को एक तरफ करवाया और फिर रास्ता चालू करवाते हुए सबसे एग्जाम देने जा रही महिला की कार को निकलवाते हुए उसे ग्वालियर के लिए रवाना करवाया। टीआई यासमीन ने बताया कि एक मरीज को लेकर जा रहा वाहन भी पीछे फंसा था,जिसे भी सबसे पहले निकलवाया।

# विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जिला अस्पताल में लगा शिविर ,एक सैकड़ा से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल श्योपुर में सोमवार को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस मनाते हुए एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। अस्पताल के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने शुभारंभ करते हुए कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य फिजियोथेरेपी के महत्व और लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष विश्व फिजियोथेरेपी दिवस की थीम हैल्थी एजीन है। इसका उद्देश्य है कि बढ़ती उम्र में न केवल बीमारियों से मुक्त रहना, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को भी बनाए रखना जरूरी है। इस मौके पर डॉ. रेखा परोची ने कहा कि इस थीम का संदेश है कि व्यक्ति जीवन के हर चरण में सक्रिय, स्वतंत्र और संतुष्ट रहे। शिविर में आरएमओ डॉ गजेन्द्र सिंह धाकड, डॉ. विष्णु गर्ग (एमडी मेडिसिन), डॉ. ललित शर्मा (अस्थि रोग विशेषज्ञ), राजेश शाक्य (ईएनटी) आदि विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। शिविर में एक सैकडा से अधिक मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें पंपप्लेट वितरित करते हुए फिजियोथेरेपी के बारे में जागरूक भी किया गया।



# पीआईयू कार्यालय में भडकी आग, कई जरूरी फाइलें जली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड स्थित लोक निर्माण विभाग (पीआईयू) के कार्यपालन यंत्री कार्यालय में रविवार की शाम अचानक आग लग गई। जिस समय कार्यालय में आग लगी,उस समय कार्यालय रविवार के अवकाश के चलते बंद था। आसपास के लोगो ने कार्यालय के अंदर से धुआ उठता दिखा तो विभागीय अधिकारियों को सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे विभागीय लोगो ने फायर बिग्रेड को बुलाकर आग को बुझा दिया गया। इस आगजनी के दौरान अलमारी में रखी कई जरूरी विभागीय फाइल और दस्तावेज जल गए है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं है,लेकिन विभागीय लोग आग लगने का कारण बिजली के शार्टसर्किट को बता रहे है। एसडीओ अनिल मित्तल ने बताया कि आगजनी के दौरान क्या क्या क्षति हुई है। इसकी विभागीय वरिष्ठ अधिकारी रिपोर्ट तैयार कर रहे है।

## जिले के सभी थाना क्षेत्रों में 22 तक चलेगा विशेष अभियान

# सड़क हादसे रोकने पुलिस करेगी वाहन चैकिंग नियम तोड़ने वाले वाहनों पर ठोकेगी जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सडक हादसे रोकने के लिए जिले के सभी थानों की पुलिस अब 22 सितंबर तक विशेष अभियान चलाते हुए प्रतिदिन वाहनों की चैकिंग करेगी। इस दौरान जो वाहन चालक यातायात नियमों को तोडते हुए वाहनों का संचालन करता मिलेगा,उसके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। एसपी वीरेन्द्र जैन ने जिले के सभी थाना प्रभारियों से उक्त अभियान के तहत 8 सितंबर से 22 सितंबर तक वाहन चैकिंग की कार्रवाई करने और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए है।

एसपी वीरेन्द्र जैन के निर्देश के बाद यातायात थाना पुलिस के साथही जिले के सभी थानों की पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। बता दें कि इन दिनों प्रदेशभर में सडक हादसो का ग्राफ बढता जा रहा है। जिनमें लोगो की मौत भी हो रही है। विशेष बात यह है कि जो सडक हादसे घटित हो रहे है,उनकी विवेचना के दौरान एक कारण यातायात नियमों का पालन न करना भी सामने आ रहा है। इसलिए पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों में प्रतिदिन चैकिंग प्वाइंट लगाते हुए वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइस दिए जाने और समझाइस के बाद भी यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

### इन केटेगरी में होगा चालान

यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि 15 दिन चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान 11 केटेगरी में चालानी कार्रवाई की जाएगी,जिसमें तेज गति से वाहन चलाना, बगैर हेलमेट या सीटबेल्ट के वाहन चलाना,नाबालिगों के द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना,शराब पीकर वाहन चलाना, रॉन्ग साइड में वाहन चलाना, ओवर स्पीड, बगैर लाइसेंस, फिटनेस,परमिट के वाहन चलाना शामिल है।

# पटवारियों से कलेक्टर बोले, हमारे किसान समझदार, सिर्फ उन्हें दिशा देने की जरूरत



**श्योपुर।** श्योपुर जिला कृषि क्षेत्र में एक समृद्धशाली जिला है, इस क्षेत्र के किसान न केवल समझदार है, बल्कि शासन प्रशासन का सहयोग करने के लिए भी तत्पर रहते है। हमें सिर्फ उन्हें प्रेरित करने और दिशा देने की जरूरत है। यह बात सोमवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निषादराज भवन में पराली प्रबंधन के तहत आयोजित पटवारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, सहायक कृषि यंत्री अंकित सेन सहित तहसीलदार एवं श्योपुर, बडौदा तथा कराहल के पटवारी उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि पटवारियों का जुडाव किसानों से सीधे रहता है,वे अपने-अपने क्षेत्र में किसानों को सुपर सीडर सहित पराली प्रबंधन में उपयोगी अन्य कृषि यंत्र खरीदने के लिए प्रोत्साहित करें,उन्होने कहा कि पराली जलाने से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, वही भूमि की उर्वरा शक्ति भी कमजोर होती चली जाती है। किसान भाई इस बात को अच्छी तरह से जानते है, और वे भी पराली नही जलाने के लिए सहयोग करना चाहते है, हमें उन्हें बेहतर विकल्प देने होंगे, विकल्प के रूप में बेलर और सुपर सीडर का उपयोग करने के लिए किसानों को प्रेरित किया जायें। उन्होने कहा कि प्रत्येक पटवारी अपने-अपने हल्के में बडे किसानों को सुपर सीडर खरीदने के लिए प्रोत्साहित करें, इसके साथ ही उन्होने बताया कि पंजाब से आये बेलर संचालको के साथ चर्चा की गई है, जो सार्थक रही है। एनआरएलएम के माध्यम से भी 100 यूनिट की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, इस यूनिट में बेलर, हे-रेक, सुपर सीडर शामिल है। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार और पटवारियों की यह जिम्मेदारी होगी, सभी किसानों को इसके प्रति जागरूक किया जाये। ऐसे किसान जो शासन एवं प्रशासन की मंशा के अनुरूप पराली का प्रबंधन करने में सहयोग प्रदान नही करेंगे तथा पराली जलाने के रिकार्ड में दर्ज होंगे तो उनके विरूद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी तथा भविष्य में उनके या उनके परिवार को शस्त्र लाईसेंस नही बनाये जायेंगे। कलेक्टर ने पटवारियों के अलावा अपरान्ह पश्चात निषादराज भवन में पंचायत सचिवों के साथ बैठक करते हुए उन्हें निर्देश दिये कि पराली प्रबंधन में अपनी भूमिका निभायें, उन्होने कहा कि प्रत्येक पंचायत सचिव अपने-अपने क्षेत्र में कम से कम एक-एक किसान को सुपर सीडर खरीदने के लिए प्रेरित करें।

# मदरसों के बजाए सर्व शिक्षा से जुड़ें, स्कूलों को तरजीह दें: मुफ्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

देश में मुसलमानों के पिछड़ेपन का सिर्फ ओर सिर्फ कारण तालीम (शिक्षा) से बेरुखी होना है। अब मौका आ गया है कि हम प्रोफेशनल तरीका अख्तियार करें और यह तरीका सिर्फ शिक्षा से ही हासिल होने वाला है। हमने मदरसे तो बहुत खोल दिए जिनमें से बच्चे हर साल हाफ़िज़, आलिम, मौलवी, मुफ्ती बनकर निकल रहे हैं पर सर्व शिक्षा से बच्चों को जोड़ने के लिए स्कूल खोलने में हमने कंजूसी दिखाई है। अब मदरसों के बजाए स्कूल खोले जाएं जहां आपके बच्चे पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, आईपीएस, आईएएस बन सके। यह बात मदरसा दारुल उलूम हुसैनपुरा में जमीयत उलमा ए हिंद के प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद अहमद ने उलमा ए दीन को संबोधित करते हुए कही।

जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज पढ़ाने वाले हाफिज और धार्मिक मदरसों में तालीम देने वाले उलमा ए दीन को संबोधित करते हुए मुफ्ती ए आजम ने उनसे आव्हान किया कि वह सर्व शिक्षा की ओर अपना ध्यान लगाए मदरसों पर तो हमने बहुत मेहनत की है और उसके सकारात्मक परिणाम भी आए हैं लेकिन हमारे बच्चे सर्व शिक्षा से पिछड़े हुए हैं जिसका कारण समाज में दरिद्रता का बढ़ना भी है। अगर समाज को उन्नति के मार्ग पर ले जाना है तो बच्चों को अच्छी शिक्षा देना जरूरी है और अच्छी शिक्षा देने की व्यवस्था खुद करें। क्षेत्र में सर्व सुविधायुक्त अच्छे स्कूल खोले जाएं जहां बच्चों को कम फीस पर ओर हो सके तो उन्होंने निशुल्क शिक्षा दिलाई जाए। इस दौरान जमीयत उलेमा ए हिंद के जिला अध्यक्ष कारी आदिल कुरैशी ने उन्हें बताया कि हमारी कोशिश है कि आगामी शिक्षा सत्र एक स्कूल खोले जाने की प्लानिंग की है। इस स्कूल में लड़कियों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान जमीयत उलमा ए हिंद के प्रदेश उपाध्यक्ष मुफ्ती जिया उल्लाह कासमी ने भी संबोधन दिए। कार्यक्रम का संचालन जमीयत के जिलाध्यक्ष कारी आदिल कुरैशी ने किया।



## जिले के सरकारी और निजी स्कूलों का 6 मुख्य बिंदुओं पर किया जाएगा मूल्यांकन

# अब स्वच्छता और हरियाली के लिए आदर्श बनेंगे स्कूल, मूल्यांकन के बाद मिलेगी रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर समेत जिलेभर में संचालित सरकारी और निजी स्कूलों को अब स्वच्छता और हरियाली के लिए भी आदर्श बनाया जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से कवायद शुरू की जा रही है। सरकार के निर्देश पर शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यार्थियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदारी की भावना जगाने के लिए जिले के सभी स्कूलों में स्वच्छ और हरित विद्यालय मूल्यांकन किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस कवायद से न सिर्फ स्कूल संवरेंगे, बल्कि विद्यार्थियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी आएगी।

शासन के निर्देशो के बाद जिले के शिक्षा विभाग ने स्कूलों को स्वच्छता और हरियाली के मापदंडो पर परखने की तैयारियां शुरू कर दी है। बताया गया है कि इस मूल्यांकन के आधार पर बेहतर अंक हांसिल करने वाले स्कूलों को जिला और राज्य स्तर पर रेटिंग मिलेगी। इसके लिए सभी स्कूल अपने अपने स्तर पर मापदंडों के अनुसार तैयारी करते हुए पोर्टल पर पंजीयन करेंगे। इसके बाद जिला स्तरीय टीम मूल्यांकन करेगी। फिर राज्य स्तर पर रेटिंग की कवायद होगी। जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को स्वच्छ और हरित रेटिंग देने के लिए एसएचवीआर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया हो गई है। रजिस्ट्रेशन 30 सितंबर तक होंगे। वहीं स्कूलों ने मापदंडों के मुताबिक तैयारियां शुरू कर दी हैं।




### 125 अंकों का मूल्यांकन

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक को पोर्टल पर स्वयं मूल्यांकन करना होगा। प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकंडरी स्कूल अपने स्तर पर मूल्यांकन कर रेटिंग के लिए एप्लाई कर सकते हैं। स्कूल 30 सितंबर तक पोर्टल पर पंजीयन कर सकते हैं। जिसमें कुल 125 अंकों के लिए मूल्यांकन के आधार पर स्कूलों को रेटिंग प्राप्त होगी।

### इन 6 बिंदुओं पर होगा मूल्यांकन

01-जल.: स्कूलों में पर्याप्त जल स्रोत होना चाहिए। साथ ही बच्चों की पहुंच तक पानी की उपलब्धता हो। जल स्रोतों की नियमित जांच होना चाहिए।

02-शौचालय: स्कूलों में बालक और बालिका शौचालय अलग-अलग होना चाहिए। स्कूल में दिव्यांग के लिए अलग शौचालय बना हो। रखरखाव के साथ ही साफ सफाई होना चाहिए।

03-साबुन से हाथ धोना.: स्कूलों में हैंडवॉश यूनिट जरूर होना चाहिए। नलों में टोटियां लगी हों। साबुन की उपलब्धता हो। हाथ होने के लिए स्वच्छ पानी के इंतजाम स्कूल में रखना चाहिए।

04-संचालन एवं रखरखाव: स्कूलों में कचरा निपटान की व्यवस्था होना चाहिए। स्कूलों में हाईजीन का ध्यान रखा जाना चाहिए।

05-व्यवहार परिवर्तन. बच्चों में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता आना चाहिए।

06 मिशन लाइफ गतिविधियां:प्लास्टिक के उपयोग को लेकर जागरूक किया जाता है। साथ ही बच्चों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

### इनका कहना..

पंजीयन शुरू हो गए हैं। रेटिंग से विद्यार्थियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदारी की भावना आती है। स्कूलों में तैयारी शुरू कर दी है।

**डॉ पीएस गोयल**
**डीपीसी श्योपुर**

### ऐसे होता है मूल्यांकन...

सरकारी और निजी स्कूलों का अलग अलग मूल्यांकन होता है। जिसमें सबसे पहले स्कूल अपने स्तर पर खुद का मूल्यांकन जानकारी अपलोड करने के साथ ही पंजीयन करता है। फिर जिला स्तर पर सत्यापन और चयन प्रक्रिया होगी। फिर जिले के चयनित स्कूलों का राज्य स्तरीय टीम सत्यापन और निरीक्षण करती है।

# आधी रात को चोरी की नीयत से घर में घुसे तीन लोग,पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र के गांव करन्याखेडली में बीती रात को एक मकान में तीन लोग चोरी करने की नीयत से घुस गए। लेकिन वे घर में घुसने के बाद कुछ कर पाते,उसके पहले ही घर के लोगों की नींद खुल गई और उन्होंने तीन लोगो को पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया और पुलिस ने तीनों का मामला दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया है।

खास बात यह है कि तीन में से दो आरोपी तो आपस में जीजा साले है। बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम करन्याखेडली निवासी शिवचरण मीणा के घर में रात्रि डेढ बजे के आसपास ज्योतिष मीणा पुत्र रामअवतार मीणा निवासी सोंईकलां, रोहित पुत्र लोकेन्द्र मीणा निवासी मातासूला, माखन पुत्र देवीशंकर मीणा निवासी मेवाडा चोरी करने की नीयत से घुस गए,जिन्हें नींद खुलने पर घर के लोगो ने पकड लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में शिवचरण मीणा की रिपोर्ट पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### चार आरोपियों को एक-एक साल की जेल

**श्योपुर।** विजयपुर न्यायालय ने मारपीट के तीन साल पुराने मामले में दोषी पाए गए चार आरोपियों को एक एक साल के कारावास की सजा सुना दी। एडीपीओ पूजा गुप्ता ने बताया कि मारपीट की यह घटना 20 फरवरी 2022 को रघुनाथपुर में तब घटित हुई,जब फरियादी मुकेश अपने रिश्तेदार के साथ लच्छी बाल्मीकि के साथ झाड़ू लगा रहा था,तभी वहां पहुंचे आरोपियों ने झाड़ू लगाने की बात पर विवाद करते हुए मुकेश और लच्छी की लाठी से मारपीट कर दी। इस मामले में रघुनाथपुर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज करते हुए चालान विजयपुर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी मांगीलाल,लखन, महेश, नरसी निवासी रघुनाथपुर को दोषी मानते हुए इन्हें एक एक साल के सश्रम कारावास और डेढ डेढ हजार के जुर्माने की सजा सुना दी।

## खबर संक्षेप



### दीपावली व छठ पूजा के लिए चलेगी 3 जोड़ी स्पेशल ट्रेन

**बीना रेलवे स्टेशन पर रहेगा स्टॉपेज**

**बीना।** यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए रेलवे ने दीपावली व छठ पूजा के लिए 3 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जो भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल एवं बीना होकर विभिन्न गंतव्यों के लिए जाएगी। मुम्बई-गोरखपुर- मुम्बई स्पेशल- ट्रेन नंबर 01079 स्पेशल 26 सितंबर से 30 नवंबर तक रात 10.30 बजे मुम्बई (सीएसएमटी) से प्रस्थान कर अगले दिन 10 बजे गोरखपुर परहुंचेगी एवं गाड़ी संख्या ट्रेन नंबर 01080 स्पेशल 28 सितंबर से 2 दिसंबर के बीच गोरखपुर से 11.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00.40 बजे मुम्बई (सीएसएमटी) पहुंचेगी। पुणे-गोरखपुर-पुणे स्पेशल- ट्रेन नंबर 01415 स्पेशल 27 सितंबर से 30 नवंबर तक 6.50 बजे पुणे से प्रस्थान कर अगले दिन शाम 4 बजे गोरखपुर एवं ट्रेन नंबर 01416 स्पेशल 28 सितंबर से 1 दिसंबर के बीच गोरखपुर से शाम 5.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 3.15 बजे पुणे पहुंचेगी। नागपुर-समस्तीपुर-नागपुर साप्ताहिक स्पेशल- ट्रेन नंबर 01207 स्पेशल 24 सितंबर से 26 नवंबर तक बुधवार 10.40 बजे नागपुर से प्रस्थान कर गुरूवार 9.30 एवं ट्रेन नंबर 01208 स्पेशल 25 सितंबर से 27 नवंबर के बीच समस्तीपुर से गुरुवार 11.45 बजे प्रस्थान कर शनिवार 7 बजे नागपुर पहुंचेगी। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्रीगण पूजा स्पेशल ट्रेनों की विस्तृत जानकारी ले सकते हैं।

## तीन दिवसीय 69वीं संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का एसडीएम ने किया शुभारंभ

# फुटबॉल, कुश्ती और कराते के मुकाबलों में मैदान पर खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम, जीती बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में 3 दिवसीय 69 वीं संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सोमवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीएम विजय डेहरिया ने ध्वजारोहण करते हुए किया। उन्होंने खिलाड़ियों को पूर्ण अनुशासन के साथ खेलों में सहभागिता करने के लिए उत्साहवर्धन किया। सहायक संचालक नीतेश दुबे एवं शाला प्राचार्य एसपी तिवारी ने




खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। उक्त प्रतियोगिता का समापन 10 सितंबर को होगा। प्रतियोगिता में फुटबॉल अंडर 17 बालक-बालिका, कुश्ती फ्रीस्टाइल अंडर 14,17,19 आयु वर्ग, कुश्ती ग्रीको रोमन अंडर 17,19 आयु वर्ग एवं कराते अंडर 14,17,19 आयु वर्ग बालक बालिका खेलों की प्रतियोगिता चल रही है। जिसमें सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी जिले के खिलाड़ियों ने सहभागिता कर रहे है। इनके बीच हुए मुकाबले- फुटबॉल का पहला मैच बालक सागर एवं पन्ना के बीच खेला गया। जिसमें 6-0 से सागर विजेता रही। इसके बाद छतरपुर एवं टीकमगढ़ के बीच मैच खेला गया। जिसमें 2-2 से मैच बराबर रहा। तीसरा मैच दमोह और पन्ना के बीच खेला गया। जिसमें दमोह 2-0 से विजेता रही। चौथा मैच टीकमगढ़ और निवाडी के बीच खेला गया जिसमें 2-1 से निवाड़ी विजेता रही। बालिका वर्ग में निवाड़ी एवं छतरपुर के बीच मैच खेला गया। जिसमें 1-0 से निवाड़ी विजेता रही। कुश्ती में 51 किलो में पन्ना-सागर के बीच मैच खेला गया। जिसमें सागर के संस्कार विजेता एवं अनुज यादव पन्ना उपविजेता रहे। 60 किलो में भरत पटेल सागर विजेता पंकज पटेल उपविजेता रहे।

### खेलों में इनकी रही निर्णायक भूमिका

फुटबॉल में निर्णायक भूमिका में अशोक अहिरवार, अविनाश कुमार, प्रखर दीन, पप्पू पठान, सुनील कुमार जैन, शरीफ खान, आदित्य, वेद प्रकाश, नीरज, कोमल पटेल, श्रीकांत ने सहयोग प्रदान किया। वहीं कुश्ती में मलेंद्र यादव, मनीष यादव, विष्णु यादव, मनोज यादव, मुस्कान साहू, दीपक यादव ने निर्णार्यक भूमिका निभाई। इसी तरह कराते में रणविजय सिंह, संदीप अग्रवाल ने छात्र छात्राओं के वजन का माप लिया

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया का शिवपुरी दौरा 10-12 को

**शिवपुरी।** भारत सरकार के संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 10 और 12 सितम्बर को शिवपुरी जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वे जिले में अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कार्यक्रमों में शामिल होकर स्थानीय जनता व अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे।



**10 को लोकार्पण पिछोर, चमरौआ, मुहासा और पिपरा में उपकेंद्र होगा**

केंद्रीय मंत्री 10 सितम्बर को दोपहर 1:00 बजे पिछोर के गरेठा में उपकेंद्र का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद 2:30 बजे ग्राम चमरौआ में उपकेंद्र शिलान्यास, 4:30 बजे ग्राम मुहासा में उपकेंद्र का शिलान्यास और 6:30 बजे ग्राम पिपरा में उपकेंद्र शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे अशोकनगर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

**12 को व्यापारिक एवं औद्योगिक समरसता सम्मेलन में भाग लेंगे**

12 सितम्बरः कोटा, शिवपुरी और सिंहनिवास में कार्यक्रम
सुबह 11:40 बजे एमपीटी टूरिस्ट विलेज से प्रस्थान कर कोटा सोसायटी ग्राउंड, कोटा भगोरा में स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, दोपहर 1 बजे छत्री रोड, स्थित परिणय वाटिका में व्यापारिक एवं औद्योगिक समरसता सम्मेलन में भाग लेंगे, 2:15 बजे फिजिकल कॉलेज रोड, शांति नगर में शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया महाविद्यालय (पी.एम.कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस) के नवीन भवन का उद्घाटन और ककरवाया में लॉ कॉलेज का भूमिपूजन, 3:45 बजे नक्षत्र वाटिका, शिवपुरी में प्रेस क्लब शिवपुरी के कार्यक्रम में शामिल होकर 5:25 बजे ग्राम सिंहनिवास में विद्युत उपकेंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेने के बाद होटल जय विलास पैलेस के लिए रवाना होंगे।

## समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस।

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के 34 वे स्थापना दिवस पर अधिवक्ता परिषद मध्य भारत प्रांत तहसील इकाई कोलारस द्वारा उप जेल कोलारस में न्याय शिविर का आयोजन किया गया। अधिवक्ता परिषद इकाई कोलारस द्वारा जेल में निरोध बंदियों को उनके अधिकार एवं उनकी परेशानियों के लिए न्यायिक सलाह प्रदान की गई एवं निशुल्क विधिक अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान अधिवक्ता परिषद के जिला महामंत्री एडवोकेट विवेक कुमार जैन ने अधिवक्ता परिषद के कार्य एवं स्थाई न्याय केंद्र की अवधारणा के बारे में तथा बंदियों को न्यायिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया। अधिवक्ता परिषद के जिला उपाध्यक्ष जय गोयल द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 479 के संबंध में बंदियों के अधिकारों से अवगत कराया। कार्यक्रम में उपजेल कोलारस के अधीक्षक डॉ, फहीम खान मौजूद रहे। अंत में अधिवक्ता परिषद तहसील इकाई कोलारस के अध्यक्ष अमित गुप्ता द्वारा आभार व्यक्त

## दो घरों में सनसनीखेज चोरीः खिड़की तोड़कर घुसे नकाबपोश, परिवार को कमरे में बंद कर लाखों के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शहर के फिजिकल थाना क्षेत्र स्थित नरेंद्र नगर शनिवार की रात चोरी की दो बड़ी वारदातों से दहल उठा। दोनों घटनाओं में चोरों ने एक जैसी तरकीब अपनाते हुए पहले घर में खिड़की उखाड़ी, फिर परिजनों को बाहर से कमरे में बंद कर दिया और अलमारियों से लाखों रुपए के जेवर-नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

पहली वारदात विवेक राठौर के घर में हुई। चोर रसोई की खिड़की से भीतर घुसे और विवेक सहित भाइयों के कमरों की बाहर से कुंडी जड़ दी। इसके बाद वे विनोद की मां के कमरे तक पहुंचे और अलमारी तोड़कर करीब 12 तोला सोना, ढाई किलो चांदी व 80 हजार नकदी ले



गए। सुबह पड़ोसियों की मदद से कमरे खुलने पर चोरी का पता चला। परिजनों का दावा है कि चोरों ने नशीला स्प्रे किया था, क्योंकि सभी का सिर भारी था। दूसरी वारदात नीरू तोमर के घर हुई। उनकी पत्नी और बच्चे ग्वालियर गए थे, घर पर वे अकेले थे। चोरों ने बाहर से उनके कमरे की कुंडी बंद की और दूसरे कमरे से 20 हजार नकदी, सोने की चेन, दो अंगूठियां, एक हार व चार चूड़ियां चुरा ले गए। सुबह 4 बजे नीरू ने खुद को कमरे में बंद पाया, पड़ोसियों की मदद से कुंडी खुलवाने के बाद वारदात का खुलासा हुआ। सूचना पर फिजिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने जांच शुरू कर दी है। मोहल्ले में घटनाओं से दहशत का माहौल है।

### इंदार में दंपति से दिनदहाड़े लूट : बाइक गिराकर कट्टे की नोंक पर

**शिवपुरी।** इंदार थाना क्षेत्र शनिवार शाम दहशत से भर गया जब बाइक सवार बदमाशों ने एक दंपति को फिल्मी अंदाज में निशाना बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने चलते वाहन को टक्कर मारकर गिराया और फिर कट्टे की नोक पर मोबाइल फोन, पर्स व महिला का मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम रामगढ़ निवासी हदेश जाटव अपनी पत्नी सीमा जाटव के साथ शनिवार शाम करीब 7:30 बजे लुकवासा से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे ओढेरा तिराहे के पास पहुंचे, पीछे से आए दो बदमाशों ने उनकी बाइक में लात मार दी। दंपत्ति सड़क पर गिरते ही एक बदमाश ने कट्टा निकालकर हदेश की छाती पर तान दिया और धमकाते हुए एंड्रॉयड मोबाइल, पर्स और सीमा का मंगलसूत्र छीन लिया। इसके बाद दोनों बदमाश अपनी बाइक से मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।



## दसवें दिन का व्रत आत्म कल्याण के लिए हैः मुनिश्री मंगलसागर

**कोलारस।** कोलारस नगर में स्थित चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर पर मुनि श्री 108 मंगलसागर महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि दशलक्षण पर्व जैन धर्म का प्रमुख त्यौहार है। जिसे आत्मा की शुद्धि और आत्म सुधार पर केंद्रित किया जाता है। इन दस दिनों में जैन अनुयायी दस उत्तम गुणों का पालन करते है उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तम शौच, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन, और उत्तम ब्रह्मचर्य का विशेष पालन करते हुए आत्मसाध कर इंद्रियों को वश में कर राग - द्वेष से मुक्त होकर आंतरिक पवित्रता प्राप्त कर मोक्ष मार्ग की ओर बढना है। संयम और शुद्धता का गुण है। मुनि श्री ने कहा विवाहित होने पर पर अपने साथी के प्रति निष्ठवान रहना ब्रह्मचर्य है । यह आत्म नियंत्रण का अभ्यास है जो इंद्रियों का नियंत्रण और भोग विलास से दूर रहने पर जोर देता है जो सिद्धान्त हमें संयमित और आत्म के मार्ग पर चलने का संदेश देता है हम अपने जीवन को मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक जीवन में संयमित रखे एवं इंद्रियों को नियंत्रित करे जब व्यक्ति दोषों से मुक्त होता है। इसके बाद जीव कर्मो के बंधन से मुक्त होकर सिद्ध अवस्था में पहुंचता है। अविवाहित को भी ब्रह्मचर्य, इंद्रिय संयम और शुद्धता का गुण रखना अनिवार्य है।

## स्मार्ट मीटर और स्कूल बंदी नीति से पनपा जनाक्रोश पब्लिक कंवेंशन में राज्यव्यापी आंदोलन की हुंकार

**स्मार्ट मीटर और 94,000 स्कूलों को बंद करने की नीति वापस लेने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शहर के लुधावली स्थित एक निजी स्कूल में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने और 94 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों को बंद कर सान्दीपनि स्कूलों में मर्ज करने की नीति के खिलाफ 6 सितंबर को जिला स्तरीय पब्लिक कन्वेंशन का आयोजन हुआ। इस कन्वेंशन में बड़ी संख्या में उपभोक्ता, छात्र और अभिभावक शामिल हुए और सरकार की इन दोनों नीतियों को जनता विरोधी करार दिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिजली उपभोक्ता मंच म.प्र. राज्य कमेटी सदस्य मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद आम जनता बेहाल है। जहां 100-200 रुपये के बिल आते थे, वहां अब हजारों-लाखों रुपये के बिल थमा दिए जा रहे हैं। यहां तक कि एक किसान का बिल 2 लाख 62 हजार तक पहुंच गया, श्रीवास्तव ने कहा। उन्होंने चेताया कि यह मीटर निजी कंपनियों के हित में हैं और जनता को गुलाम बनाने की साजिश है। इसी मंच से श्रीवास्तव ने स्कूलों को बंद करने की नीति पर भी तीखा प्रहार




किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 से अब तक प्रदेश में 29,945 सरकारी स्कूल बंद किए जा चुके हैं। जहां कभी 1.21 लाख सरकारी स्कूल थे, अब यह संख्या घटकर 92 हजार रह गई है। सरकार इन्हें घटाकर केवल 10 हजार सी.एम.राइज/सान्दीपनि स्कूल चलाना चाहती है, वह भी निजी हाथों में देने की योजना के साथ। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में 44,620 शिक्षक पद खाली हैं, हजारों स्कूल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं और कई स्कूलों में तो शौचालय तक नहीं हैं, तब सरकार का स्कूल बंद करना और शिक्षा का निजीकरण करना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। कन्वेंशन में निर्णय लिया गया कि यदि स्मार्ट मीटर और स्कूल बंद करने की नीति वापस नहीं ली गई तो शिवपुरी से लेकर भोपाल तक बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। बिजली विभाग की घेराबंदी और राज्य स्तरीय प्रदर्शन की तैयारी की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा बचाओ समिति के जिला संयोजक देवेंद्र सैन ने किया।




## 'जनमन आवास योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी'

**शिवपुरी।** जिले भर की ग्राम पंचायतों में इन दिनों जनमन आवास को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह गंभीर है और इन कार्यों को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी यह कहना है जिला पंचायत शिवपुरी के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नरवरिया का ।जिन्होंने विगत दिवस जनमन आवास कार्यों की पूर्णता हेतु ग्रामीणों में जागरूकता लाने जनपद पंचायत पिछोर में रात्रि चोपाल लगाकर ग्रामीणों को समझाइश भी दी। जनपद पंचायत पिछोर में रात्रि चौपाल में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनएस नरवरिया जिला पंचायत शिवपुरी व एवीएन नोडल अधिकारी विवेक कुमार लोधी द्वारा ग्रामीणों को भगवान बिरसा मुंडा की शपथ दिलाकर जितने जनमन आवास स्वीकृत हुए हैं उन सभी की कार्य पूर्णता के लिए वचनबद्ध किया गया। गौरतलब है कि इन दिनों जनमन आवास की पूर्णता को लेकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय किस्त में लापरवाही पाई जाने पर बीते दिनों जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन द्वारा कई रोजगार सहायक नोडल अधिकारी और सचिवों को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद आननफानन में नोटिस मिलने वाले कर्मचारियों द्वारा जवाब पेश किया जा रहे हैं।

**मां सरस्वती के चित्र पर किया माल्यार्पण**

## सदियों से गुरु शिष्य परंपरा ही भारतीय संस्कृति की आत्मा हैः ललित केवट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

द इंडियन हाइट्स कॉन्वेन्ट स्कूल में 4 सितम्बर को कल्पना मंच के अंतर्गत शिक्षक दिवस गरिमा और उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित कर सरस्वती वंदना के साथ की गई। मंच का संचालन रौनक और पियूष ने किया। अंजलि ने प्रेरणादायक भाषण दिया।

मोनिका ने शिक्षकों की भूमिका पर विचार रखे। सविता ने कविता सुनाकर स्कूल का वातावरण भावनाओं से भर दिया। कार्तिक, संजना, प्रिंस और सोनाक्षी की प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया। बच्चों के लिए ह्लएक मछली पानी में गईह्व और ह्लखड़क सिंह के खड़कने से खड़कती हैं खिड़कियाँह्व जैसे खेल आयोजित




हुए। जिनसे पूरा माहौल हंसी खुशी से गूंज उठा।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को चॉकलेट्स वितरण के साथ हुआ। विद्यालय संचालक ललित केवट ने अपने संदेश में कहा कि गुरु शिष्य परंपरा ही भारतीय संस्कृति की आत्मा है। शिक्षक जीवन को दिशा देने वाले सच्चे दीपक हैं।

**शोभायात्रा में महिलाएं नृत्य करतीं और डांडिया खेलतीं नजर आईं**

## भगवान जिनेंद्र देव की शोभायात्रा में उमड़ी आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोहरी

दसलक्षण महापर्व के अवसर पर रविवार को नगर में भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभा यात्रा में महिलाएं भक्ति गीतों पर नृत्य करतीं और डांडिया खेलतीं नजर आईं। ह्ल गीत रंगमा मे रंगमा प्रभु रंग में रंग गयो रै ह्वजैसे भजनों ने वातावरण को भक्ति रस में रंग दिया। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए जैन समाज के योगेन्द्र जैन पत्रकार ने बताया कि नगर की यह शोभायात्रा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इसे और अधिक भव्य बना दिया।

इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में शांतिधारा, अभिषेक और सामूहिक पूजन के पश्चात शोभा यात्रा का शुभारंभ आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से हुआ। शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार होते हुए जय स्तंभ चौराहे से वापस मंदिर पहुंची।



यात्रा मार्ग पर जगह-जगह आरती उतारी गई और भक्तों ने नृत्य कर आस्था व्यक्त की। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी भगवान जल बिहार के लिए मंदिर से निकले। शोभायात्रा मंदिर पहुँचने के बाद बोली प्रक्रिया के तहत कलश लिए गए। प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ कलश की बोली लेने वाले श्रद्धालुओं को भगवान के अभिषेक का विशेष लाभ प्राप्त हुआ। यात्रा का समापन होने के बाद प्रसिद्ध गायक अरुण जैन ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालु झूम उठे। इस वर्ष शोभायात्रा का आकर्षण भगवान की नवीन पालकी रही, जिसे नीलमचंद जैन, योगेन्द्र जैन पत्रकार एवं दृव्य जैन (रामगढ़ वाले) परिवार ने मंदिर में भेंट की। शोभायात्रा में जैन दिव्य घोष ने बांधा समां-भगवान की शोभायात्रा में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम दिखा। इसमें शिवपुरी से आए जैसवाल जैन युवा संघ के दिव्य घोष दल ने भगवान के रथ के आगे चलकर पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

### चांदी के रथ में विराजमान कर श्रीजी का निकाला जुलूस

**रन्नौद।** जिले के कस्बे रन्नौद में 1008 श्री दिगंबर जैन मंदिर पर जैन समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भव्य जुलूस निकाला गया यह भव्य जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए हवेली में पहुँचा जहाँ श्री जी का अभिषेक पूजन किया गया। जानकारी देते जैन समाजसेवीयों ने बताया कि रन्नोद में हवेली के पास स्थित बड़ा जैन मंदिर श्री 1008 पारसनाथ जिनालय का विमान महोत्सव रविवार को निकाला गया। जिसमें भगवान महावीर स्वामी को चांदी के रथ में विराजमान करके चल समारोह निकाला गया। यह चल समारोह कस्बे के मुख्य बाजार सीतासागर गली से होकर बस स्टैंड पहुँचा लोगों ने जगह जगह आरती एवं नृत्य किया इसके बाद श्री जी का विमान हवेली में पहुँचा। इस दौरान उक्त विमान चल समारोह में समाज बंधु द्वारा एक दूसरे को जय जिनेंद्र देव और महावीर स्वामी के जयघोष करते हुए जियो और जीने का संदेश देते हुए एवं नाचते गाते हुए चल समारोह का जगह-जगह ग्रामवासियों द्वारा श्रीजी की आरती उतारकर स्वागत किया।

